अमर उजाला 04/01/2025

इंटर स्कूल रोड सेफ्टी क्विज में सुमित प्रथम

पुरस्कार जीतने पर छात्र को सम्मानित करते डीएसपी और प्रधानाचार्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के छात्र सुमित ने इंटर स्कूल रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्र सुमित को सम्मानित किया।

कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष डॉ. एसएस नैन ने कहा कि छात्र सुमित की लगातार तीसरी बार की उपलब्धि पर गर्व है। इस मौके पर छात्र प्रगति एवं पूर्वोत्तर छात्र प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. तृप्ति शर्मा ने भी छात्र को बधाई दी।

इस प्रतियोगिता के अगले दो चरण और हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सुमित को पुलिस उप अधीक्षक की ओर से पदक, प्रशस्ति प्रमाणपत्र और एक पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि नया वर्ष नई उम्मीदों, चुनौतियों और अवसरों के साथ जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का समय होता है।